हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025



## खबर संक्षेप

### प्राण-प्रतिष्ठा 26 से

**राजनांदगांव।** ग्राम जोरातराई में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 26 एवं 27 जून को रखा गया है। 26 जून को सुबह 8 कलश यात्रा, वेदी स्थापना, वेदी निर्माण, पुष्पा धिवास, जलधिवास, फल धिवास, अन्नाधिवास एवं 27 जून को मूर्ति स्नान, सर्व वेदी पूजा, मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, ध्वज शिखर, पमंदिर स्थापना एवं शाम 4 बजे हवन आहुति, शाम 6.30 बजे भंडारा प्रसादी, शाम 7 बजे मानस कार्यक्रम आयोजित है।

# सर्वर जाम : छह बार अंगूठा लगाने के बाद मिल रहा एकमुश्त राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा तीन माह का एकमुश्त राशन देने के चलते जहां राशन दुकानों में भीड़ उमड़ी हुई है। वहीं सर्वर जाम होने के चलते हितग्राहियों को घंटों इंतजार भी करना पड़ रहा है। नई मशीन के आने के बाद छह बार अंगूठा लगाने के बाद ही राशन मिल पा रहा है। यही कारण है कि पिछले 23 दिन बीत जाने के बाद भी करीब 30 फीसदी हितग्राहियों को राशन नहीं मिल सका है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को तीन माह का चावल एक साथ दिए जाने के साथ-साथ चावल तिहार का भी आयोजन किया गया है। एक जून से शुरू हुए इस तिहार में लोगों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुरूआती दिनों में पुरानी मशीन के जरिये राशन दिया जाता रहा था। जिसमें हितग्राहियों के पास मोबाइल होना जरूरी था। ओटीपी के नहीं आने के कारण हितग्राहियों को वापस लौटना पड़ रहा है। इस बीच राज्य शासन ने राशन दुकानों में नई मशीनें भेजी है। जिसमें हितग्राहियों को अंगूठा लगाना है। बताया जाता है कि इस मशीन का सर्वर बार-बार जाम हो रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि एक बार अंगूठा लगाने के बाद सर्वर जाम हो जाता है। जिसके कारण दिक्कतें आ रही है।सूत्रों ने बताया कि राज्यभर में इस तरह की दिक्कतें सामने आ रही है।

## नई मशीन आने के बाद भी राशन दुकानों में घंटों इंतजार, हितग्राही हलाकान

### अंगूठा लगाते ही सर्वर जाम

नई मशीन में एक माह का राशन लेने के लिए दो बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। एक बार राज्य और एक बार केंद्र सरकार के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। हितग्राहियों को तीन माह का एक साथ चावल मिल रहा है। जिसके कारण उन्हें छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। दिक्कत वहां आ रही है, जब एक बार अंगूठा लगाने के बाद सर्वर बंद हो जाता है और हितग्राहियों को राशन दुकान में सर्वर के ठीक होने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।



### 70 फीसदी को मिला चावल

पिछले 23 दिनों में जिले की राशन दुकानों से 70 फीसदी हितग्राहियों ने चावल ले लिया है। वहीं करीब 30 फीसदी शेष रह गए हैं। गौरतलब है कि जिले में 2 लाख 51 हजार राशन कार्डधारी हैं। जिसमें से अभी तक एक लाख 70 हजार ने राशन ले लिया है। राज्य सरकार ने राशन दुकानों के लिए 495 नई मशीनें भेजी थी। जिसका वितरण खाद्य विभाग ने सभी दुकानों में कर दिया है। इस नई मशीन का सर्वर हैदराबाद और भुनेश्वर में होने के चलते दिक्कतें आ रही है।

## दूषित जल से मरी मछलियां, कलेक्टर ने की बड़ी कार्रवाई

# पीएस स्टील और ओरिएंट इस्पात उद्योग को बंद करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खबर का असर

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर आज ग्राम इंदावानी जलाशय में जल प्रदूषण के कारण मछलियों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सुरक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, पर्यावरण विभाग, उद्योग विभाग व मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मृत मछलियां जलाशय के किनारे देखी गई।

क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा सौंपे गए रिपोर्ट के अनुसार कलेक्टर ने मेसर्स ओरिएंट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी एवं पीएस स्टील ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी को जल प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम तथा वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने के कारण दोनों उद्योग को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं।

⏩ शेष पेज 15 पर



### पर्यावरण बोर्ड ने जारी की नोटिस

क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा सौंपे गए प्रतिवेदन के आधार पर दोनों औद्योगिक संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभागों को दोनों उद्योगों को दी जाने वाली बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद करने निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन करने में विफल होने पर जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अफसरों ने बनाया पंचनामा

जांच टीम में क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल डॉ. अनिता सांवत, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग निलेश रामटेके, इंडस्ट्री हेल्थ एवं सेफ्टी डीपी मास्कोले, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सानू वी. वर्गीस, सहायक संचालक मत्स्य विभाग सुदेश कुमार साहू एवं राजस्व विभाग से श्री गंगाधर, नायब तहसीलदार राजनांदगांव उपस्थित थे और मौके पर जांच का पंचनामा तैयार किया गया।

### जल उपचार संयंत्र मिला बंद

पीएस स्टील ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र ठीक चालू नहीं पाया गया। अपशिष्ट जल फैक्ट्री परिसर के बाहर छोड़ा गया तथा पास के क्षेत्र में स्थित तालाब के पानी में मिलकर जल प्रदूषण का कारण बना। उद्योग द्वारा प्रदूषित पानी नहीं जाना चाहिए था एवं शून्य डिस्चार्ज की स्थिति को नहीं बनाकर रखा गया। जांच के दौरान उद्योग द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन का मापदंड पूरा नहीं किए जाने और सुधार नहीं करने पर संबंधित उद्योग को तत्काल बंद करने और उद्योग को दी जाने वाली बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से रोकने की चेतावनी दी गई है। वहीं नोटिस जारी कर कहा गया है कि यदि आप उपयुक्त निर्देशों का पालन करने में विफल रहते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

# म्यूल एकाउंट में मिले साढ़े सात लाख, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्यूल एकाउंट के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया गया कि एक्सीस बैंक के खाताधारकों द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध व धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7.77,599.00 रुपए को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता का घटित पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

टीआई एमन साहू ने बताया कि प्रकरण विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान 25 साल निवासी तुमडीबोड को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के खाताधारक लोकेन्द्र बंजारे ग्राम पिनकापार का पता तलाश किया गया।



### कई राज्यों में नेटवर्क

पूर्व में गिरफ्तार आरोपी तौहिद खान के कथन के आधार पर दिगंत अवस्थी उर्फ लाला 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा, हाल बीटीआई रोड डोंगरगांव बक्शी का मकान थाना डोंगरगांव को 23 जून को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ के दौरान पाए गए तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करना पाया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।

### बैठक 27 को

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में 27 जून को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दवाब चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरुबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जांचें

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

### नियमों का उल्लंघन 58 वाहनों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर 58 वाहनों पर कार्रवाई किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 जून को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अजय खेस, निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। जिसके तहत ओव्हर स्पीड वाहनों में 3 प्रकरण, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट 9 प्रकरण, नो-पार्किंग वाहनों में 26 प्रकरण, चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट 16 प्रकरण, प्रेशर हार्न का उपयोग 3 प्रकरण, बिना लाइसेंस के वाहन चलाना 1 प्रकरण। इस प्रकार कुल 58 वाहन चालकों से 28200 रुपए जुर्माना वसूला गया है।

# पड़ोसी राज्यों से अवैध शराब की तस्करी हफ्तेभर में चार दर्जन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थ की बिक्री व तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रभावी अभियान चलाकर सप्ताहभर में कुल 32 लीटर शराब बरामद किया गया है। 44 आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 16 से 22 जून तक जिलेभर में 36(च) के 22 प्रकरण, 36(ब) के 13 प्रकरण, 34(1)(ब) के 6 प्रकरण, 34(2) के 3 प्रकरण। इस प्रकार आबकारी एक्ट के तहत कुल 32 लीटर शराब जब्त किया गया व कुल 44 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार गांजा बेचने की सूचना पर थाना खैरागढ़ में 1 प्रकरण धारा 20 (बी)) दर्ज कर मोटर साइकिल सहित कुल 11 किलो 996 ग्राम गांजा जब्त किया गया। कुल मशरूका 2 लाख 60 हजार रुपए तथा 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।



### आपरेशन तलाश में मिले 46 गुम इंसान

जिलेभर में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में बीएनएसएस की धारा 170/126,135(3) के तहत 18 प्रकरण में 27 व्यक्तियों पर कार्रवाई और धारा 126, 135 ल (3) के तहत 22 प्रकरण में 37 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत जिलेभर में 1 से 22 जून की अवधि में कुल 46 गुम इंसान दस्तयाब किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 200 प्रकरण, शराब पीकर वाहन चलाने के 05 प्रकरण व माल वाहनों में यात्री परिवहन के 2 प्रकरण दर्ज किए गए। जिले में कुल 68000 रुपए का समन शुल्क लगाया गया।

अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
JOHN DEERE
दो कदम आगे
PowerTech
5310 57HP 42.7kW
GearPro



जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

## सार समाचार

### छात्रों को बताया, योग का महत्व

**छुईखदान।** योग दिवस के अवसर पर रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान में अधिष्ठाता डॉ एके गुप्ता के



मार्गदर्शन में योग प्रदर्शन किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ सेवक अमृत ढेंगे ने विद्यार्थियों को योग से होने वाले लाभ से अवगत कराते हुए नियमित योग करने की सलाह दी।डॉ ओपी सोनवानी ने बताया कि योग एवं प्रकृति एक दूसरे के पूरक है। जीवन में नियमित योग के साथ प्रकृति से जुडाव रखना चाहिए। योग प्रशिक्षक अखिलेश कुमार ने योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास के बाद अधिकारियों, कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण किया। तत्पश्चात भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगितत्का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने नगर में योग जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान डॉ कन्हैयालाल, डॉ उमेशचन्द्र देशमुख, डॉ अजीत, डॉ प्रेरणा जायसवाल, प्रियंका साहू, डॉ खूशबू टण्डन, कोमल प्रसाद गांवरे, डॉ. रायसेन पाल, सुनील मधुकर, जलेश्वरी कंवर आदि उपस्थित थे।

### सबने किया योग का अभ्यास

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह कार्यक्रम की शुरूवात योग सत्र



के साथ हुआ। इस सत्र में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और नागरिकों ने भाग लिया। योगाचार्य डीएल साव के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे आसनों, प्राणायाम का अभ्यास किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने कहा योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने का साधन है।अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनीता पौषर्या, सहायक प्राध्यापक टीएल वर्मा, गावस्कर कौशिक, प्रदीप आमिला, भागवत वर्मा आदि उपस्थित थे।

### नर्सिंग कॉलेज में मना योग दिवस

**टेड़ेसरा।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग टेड़ेसरा के प्राचार्य, उपप्राचार्य,



स्टाफ एवं बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग छात्र- छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में योग दिवस का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ अरुणा पी मसीह, उप प्राचार्य कमलकिशोर देशमुख सहित स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लेकर सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाती, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, सिहांसन आदि का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक एवं प्राचार्य ने योग के महत्व एवं लाभ के बारे में बताया।

### योग के बाद गणवेश का वितरण

**मुसरा।** उच्चतर माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला बिल्हरी ने संयुक्त रूप से योग दिवस मनाया। सुबह योगाभ्यास करने के बाद प्रवेशोत्सव आयोजित कर बच्चों को पुस्तक और गणवेश प्रदान किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर बच्चों को व्यंजन परोसा गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, शाला समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, शिक्षकए पालक आदि मौजूद थे।

### स्वागत के साथ स्कूल में दाखिला

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में प्रवेशोत्सव मनाया गया। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य अंजुम जहान ने बच्चों



का स्वागत किया। तिलक लगाकर चॉकलेट्स वितरित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकवृंद ने नियमित प्रार्थनासभा एवं गीतों की प्रस्तुति दिया। संगीत शिक्षक डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के नेतृत्व में प्रेरक गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर श्रीमती बाजपेयी, प्राचार्य सुश्री जहान, शिक्षाविद् नीरज बाजपेयी ने संबोधित किया। यह जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

### बच्चों को खिलाया खीर-पुरी

**टाटेकसा।** प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला टाटेकसा में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ



मां सरस्वती की पूजा वंदना से हुआ। नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत बाद खीर, पुड़ी, मिठाई से मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान किताब, गणवेश का वितरण किया गया। इस दौरान उप सरपंच दुर्गेश नंदेश्वर, रामदास चंद्रवंशी, मुन्नालाल साहू, खेमचंद साहू, दशाराम गावड़े, जनाराम काटेंगी, परदेशी गावड़े, भूपेन्द्र साहू, राजेन्द्र नंदेश्वर, येमन नंदेश्वर, एसएल चंद्रवंशी, एनएल साहू, प्रीति शुक्ला, एसके धुर्वे, जितेन्द्र डाहट आदि उपस्थित थे।

### तिलक लगाकर कराया मुंह मीठा

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला ओटेबंद में जिला किसान कांग्रेस




अध्यक्ष कामदेव जंघेल के मुख्य आतिथ्य में विगत दिवस प्रवेश उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया।

## आंगनबाड़ी के बच्चों को मिलेगी राहत

# बच्चों ने किया आंगनबाड़ी का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कुम्हारी के हल्बा पारा में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है।इस भवन का लोकार्पण विधायक इंद्रशाह मंडावी ने आंगनबाड़ी के बच्चों से फीता कटवाकर कराया। आंगनबाड़ी भवन के जर्जर होने के बाद विधायक की अनुशंसा से नवीन भवन का निर्माण11.69 लाख की लागत से किया गया है। नवीन भवन बपपे के बाद बच्चों को अध्ययन अध्यापन में कोई दिक्कत नहीं होगी। लोकार्पण अवसर पर विधायक मंडावी ने कहा कि नौनिहालों के उचित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध है।



बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और पौष्टिक आहार मिलना चाहिए जिससे कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकल सके।

ग्रामीणों ने इस दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल कुम्हारी में प्यून एवं स्वीपर भर्ती की मांग रखा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, सरपंच गनेशिया सोरी, सचिव परमानंद तुलावी, रोहित कोमा, श्यामशाय आचला पटेल, डोमन भुआर्य, शंकर शाय, आचला, रंजन रावटे, पुष्पा गोटे, प्यारेलाल, सुखदूराम फरदिया, श्रवण धुर्वे, चुन्नूलाल भुआर्य, रुपेश देहारी, देवसाय उसारे, शांति पुरामे, कचरी बाई, पदमा फरदिया, कुंती धुर्वे, करुणा टांडिया, देवलाबाई सहित अन्य उपस्थित थे।

## बकरकट्टा में बनेगी वीर नारायण सिंह की मूर्ति

**छुईखदान।** विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने समुंदपानी में 60 लाख की लागत से बने बालक छात्रावास का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने आदिवासियों के मसीहा वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना बकरकट्टा में करने और उसके लिए 2 लाख देने की घोषणा की। विधायक ने बकरकट्टा में साढ़े 6 लाख की लगत से बने सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया। उन्होंने निजामडीह के ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख की घोषणा की। इस दौरान विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।



### करेंगे क्षेत्र का विकास

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास हम सब मिलकर करेंगे। अब इस क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। गांव में स्कूल है और अब छात्रावास भी बन गया है। इस मौके पर सरपंच मंगीन भाई पटेल, भारत यादव, सुखेन पटेल, बैनीराम, मिलन पटेल, राजेंद्र मरावी, कंवल पटेल, राजकुमार नेताम, हेमलाल पटेल, कुंजबाई, सुरेश झारिया, चिंताराम, शिव यादव, समारुलाल, कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, गजेन्द्र ठाकरे, गुलशन तिवारी, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, दिनेश साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## डॉ. मुखर्जी को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। वक्ताओं ने उनके आदर्श, सिद्धांत तथा कर्तव्य निष्ठा पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकर ने छुईखदान के नवनिर्वाचित ब्लाक सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल को मिल कर बधाई दिया। इस दौरान सरपंच दूजे वर्मा, पीआर वर्मा, भिखु हिरवानी, रमेश जंघेल, तिलक जंघेल, पवन पटेल, विसम्भर पटेल, दुर्गेश जंघेल, बलदेव जंघेल, रोहित जंघेल मौजूद थे।

## रफ्तार का कहर, दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

**गंडई पंडरिया।** सड़क हादसे में 21 वर्षीय मोहित साहू की मौत हो गई। यह घटना 18 मई शाम 6 बजे अचानकपुर गांव के पास उस समय हुई जब मोहित अपने दोस्तों के साथ पैलीमेटा बांध से लौट रहा था। पुलिस ने मृतक मोहित साहू के खिलाफ ही लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

मोहगांव पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के दोस्तों और परिजनों का बयान लिया। जांच में सामने आया कि 18 मई को मोहित साहू अपने दोस्त देवदत्त साहू, योगेश साहू और भुवनेश्वर ठाकुर के साथ मोटरसाइकिल से पैलीमेटा बांध घूमने गया था। वापसी के दौरान मोहित साहू स्वयं मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 पी 1056 चला रहा था। उसके पीछे देवदत्त साहू बैठा था। अन्य दोस्त अपनी अलग मोटरसाइकिल से आ रहे थे।

### अनियंत्रित हुई मोटर साइकिल

जानकारी के अनुसार शाम करीब 6 बजे तेज आंधी-तूफान आने के कारण अचानकपुर के पास मेन रोड के किनारे मोहित साहू की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दुर्घटना में मोहित साहू को सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। पीछे बैठे देवदत्त साहू को भी चोटें आई हैं।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि मृतक मोहित साहू ने मोटरसाइकिल को लापरवाही से चला रहा था जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मृतक मोहित साहू पिता अशोक साहू निवासी ठेलका के विरुद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। घटना के बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि देवदत्त को जिला अस्पताल कवर्धा रेफर किया।

## बुंदेली विद्यालय में न्यौता भोज आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व माध्यमिक शाला बुंदेली में शनिवार को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। शिक्षिका अनिता वैष्णव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर छात्रों को खीर, पुड़ी, चावल, दाल, सब्जी आदि खिलाया। प्रधान पाठक भुनेश्वर वैष्णव ने इस पहल को सराहनीय बताया। इस मौके पर शिक्षक चैनसिंह जंघेल, शिवलाल साहू, मोनिका चंदेल एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## महादेव मंदिर में गूंजी कविताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रकृति की गोद में स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर चोड़राधाम 21 जून को कविताओं के रस से सराबोर रहा। भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम के तत्वावधान और शिक्षक राजकुमार मसखरे के संयोजन में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कवि गोष्ठी में अंचल के दो ख्यातिलब्ध साहित्यकार अतिथि के रूप में शामिल हुए। अंचल के प्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार, लोक कलाकार डॉ पीसी लाल यादव और राष्ट्रपति से पुरस्कृत अध्यापक कवि विनय शरण सिंह कार्यक्रम के हिस्सा बने। इस साहित्यिक आयोजन में कवर्धा, बेमेतरा, गंडई, छुईखदान, खैरागढ़, साल्हेवारा, परपोड़ी सहित अन्य क्षेत्रों के कलमकारों ने अनुपम काव्य प्रस्तुतियां दीं।

कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।इस दौरान राजकुमार मसखरे का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया।



### उपस्थित रहे गणमान्य

इस अवसर पर भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम के अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू, बोधनसिंह चंदेल, रामकुमार साहू, रिखीराम धुर्वे, लच्छू यादव, शिवप्रसाद साहू, चिंताराम धुर्वे, घनश्याम कुर्रे, पारस जंघेल, संजू उइके, कमलेशप्रसाद शर्मा, हेमसिंग साहू, दिलीप पुडेटी, धर्मेंद्र जंघेल, मुकेश साहु, धर्मेंद्र डहरवाल, गायत्री श्रीवास, डेलिशा साहू, अनुज साहू, धनीराम डड़सेना, कन्हैया साहू, टीकाराम देशमुख, राम पटेल, दीपक राठौर, रामकेश्वर सिंह, शुभम राठौर, वीरसिंह यादव, ओजस साहू, राजू जंघेल, चेतराम वर्मा, झल्लू जंघेल, रतन जंघेल, मनीष रामटेके, अवध जंघेल, उदय जंघेल, माखन जंघेल आदि उपस्थित थे। आयोजन में मंदिर समिति के सचिव गणेशराम वर्मा और पुजारी पटेल ने सहयोग दिया।

## सुखरी में 100 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ नाम के अभियान के तहत कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, जिला पंचायत सीईओ सुरूचिसिंह के निर्देश पर निकटवर्ती ग्राम सुख़री में सरपंच सुरेंद्र गिर गोस्वामी के नेतृत्व में धरती को हरा भरा करने तथा पर्यावरण संतुलन के लिहाज से गांव के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया।

ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने कटहल,नीम, लेसुआ, गुलमोहर, आंवला, बेल, करण, कैथ के पौधे रोपे। गांव में करीब 100 पौधे रोपे गए हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने पौधों को संरक्षित करने और उनके संवर्धन का संकल्प लिया। इस दौरान पंचायत सचिव मनहरण लाऊत्रे, रोजगार सहायक गोविंद सोरी, घनेश्वरी, अनिता, चित्ररेखा, मालती यादव, गायत्री निषाद, टोमिन, रेखा, भोजराम, शोभित राम, धनंजय तिवारी, केशव तिवारी, अशोक धनकर, थनवार गोस्वामी, टिकेश्वर गिर, सोमेश साहू, डगेश्वर साहू, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक सपना भरतद्वाज, शिक्षक गिरिजा साहू, सरस्वती साहू, छात्र छात्राएं



### दो पीढ़ी एक साथ

पौधरोपण के दौरान दो पीढ़ी का अद्भुत मेल देखने मिला। ग्राम के बुजुर्ग शोभितराम और नई पीढ़ी के बच्चों ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए एक साथ पौधरोपण किया।

## बैठक में परिचय सम्मेलन पर की गई विस्तृत चर्चा

- परिचय सम्मेलन 28 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री अग्रसेन भवन में सकल मारवाड़ी समाज के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी 28 एवं 29 जून को गोंदिया में आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया।

इस दौरान सभी को गोंदिया आने का आह्वान किया गया। बैठक में गोंदिया के पुरषोत्तम, ओमप्रकाश मोदी, नरेश बंग, जयंत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल, अमन अग्रवाल, डोंगरगढ़ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, गौशाला अध्यक्ष सिद्धगोपाल नरेडी, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, मनोज भंडारी, अनिल गट्टानी, अनिल शर्मा, जगन्नाथ अग्रवाल, छेदुलाल अग्रवाल, मनोज दम्मानी, पारस चौरड़िया, गोपाल खेमुका, प्रकाश नरेडी, नितिन पचेरीवाला, गणेश नरेडी, चेतन अग्रवाल, मनीष दरगढ़, कैलाश गोयल, पूनम बिंदल, नवदीप अग्रवाल, अजय बिंदल, संतोष चोपड़ा, आनंद अग्रवाल, अशोक पुरोहित, मधु नरेडी, प्रकाश अग्रवाल, संजीव वशिष्ठ, केशव शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन और आभार प्रदर्शन महेंद्र ने किया।

## विकास पर ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन

# सालों से उपेक्षित है सुदर्शन पहाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर की धार्मिक महत्ता को देखते हुए सभी धर्म स्थलों का विकास मांग के अनुसार किया जा रहा है किन्तु अछोली पहाड़ स्थित वाल्मिकी तीर्थ अब भी उपेक्षित है।

समाज के नरेश करसे, शुभम परिहार, अजय करसे, गोविंग समुद्रे, राजू समुद्रे, अनिल भौरेल, कैलाश चौहान, राजू डकहा, विरेन्द्र हत्थेल, हीरालाल, रूपेष बघेल, संतोष बिरहा, मनोज रगडे, मनीष समुद्रे, ज्योति गौतेल, सुनीता बघेल, दीपक बघेल ने बताया कि भगवान राम के गुरू वाल्मिकी के तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित सुदर्शनगिरी पहाड़ी पर अब तक पानी, समाजिक भवन, कुटिया, परिक्रमा पथ, सीढी के अलावा गार्डन का निर्माण नहीं हो सका है। इस संबंध में कई बार पत्र व्यवहार किया गया किन्तु मांगों को नजर अंदाज किया जा रहा है। वहीं तीर्थ स्थल के आसपास की सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सुदर्शन समाज के साथ भेदभाव कर रहा है। उनका कहना है कि सुदर्शन पहाड़ी को विकसित करने की दिशा में अपेक्षित पहल नहीं किया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने कहा कि समाज की मांग को सरकार एवं जनप्रतिनिधि के समक्ष रखकर तीर्थस्थल के विकास को गति देने का प्रयास किया जाएगा।





## वन समिति का गठन नहीं भूमि के दावेदार नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

जिले में अब जिला स्तरीय वन अधिकार समिति और उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति का गठन नहीं हो सका है। समितियों का गठन नहीं होने से जिले के वन भूमि के कब्जाधारियों के दावा की प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में पेंडिंग है।दावेदार कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हो गए हैं। लगातार संपर्क करने के बाद भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। दावेदारों ने बताया कि जब भी संपर्क किया जाता है तो रटरटाया जवाब मिलता है कि जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों पर निर्भर है। इस संबंध में उन्ही से जानकारी लो। प्रशासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया को देखते हुए वन अधिकार समिति एवं ग्रामसभा के सदस्यों ने सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समधान शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया था किन्तु समाधान नहीं हो सका।

### दो साल से आवेदन लंबित

जानकारी के अनुसार गल्लेटोला, चिरचारी, कोड़ेवाड़ा, मर्देल, मुद्दयाल, सुवरबोड का सामुद्रायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार एवं व्यक्तिगत वन अधिकार के दावा पत्र 2023 से अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मोहला में लंबित है। ग्रामसभा गल्लेटोला के प्रबलसिंह सलामे, ततोड़ा के जितेंद्र पद्माकर, मरदेल के अर्जुन कोरेटी आदि अब इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की तैयारी में हैं।

## खबर संक्षेप

### व्यवहार न्यायालय में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव सुषमा सावंत के निर्देशानुसार



व्यवहार न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर ने बताया कि जीवन में प्रथम सुख निरोगी काया है जिसको पाने के लिए हम सबको नियमित रूप से रोजाना योगाभ्यास आसन प्राणायाम करना चाहिए योग व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्याम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। जेएमएफसी आकांक्षा खलखो ने कहा कि योग की महिमा और महत्व को जानने के बाद इसे स्वस्थ्य जीवन शैली की नींव मानकर बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है। व्यस्त, तनावपूर्ण और अस्वस्थ दिनचर्या में से उबरने योग सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने कहा। तत्पश्चात योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। अंत में शांति पाठ करवाकर योगाभ्यास का समापन हुआ। इस दौरान न्यायिक कर्मचारी मनोहर देवांगन, प्रसन्न श्रीवास्तव, आरके लांझेकर, अमरनाथ जायसवाल, इलेश देवांगन, भुनेश्वर कौशिक, दिनेश साहू, अधिवक्ता सुरेश ठाकुर, सीएस यादव, कौशल कोसरे, शत्रुहन वर्मा, ज्ञानदास बंजारे, संगीता साहू, पीएलवी गोलूदास साहू, छविराज और कला प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्टॉप डायरिया अभियान का जिले में शुभारंभ

**खैरागढ़।** बारिश के मौसम को देखते हुए जिले में 16 जून से 31 जुलाई तक स्टॉप डायरिया अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का



जिला स्तरीय शुभारंभ वनांचल के गातापार जंगल में धरती आबा जागरूकता व लाभ संतृप्ति शिविर में जिपं सभापति अरुणा बनाफर, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल और जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल की उपस्थिति में हुआ। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान के तहत जिले के 5 साल से कम आयु के बच्चों को ओआरएस घोल और जिंक की गोली मितानिनों द्वारा घर घर जाकर निःशुल्क प्रदान की जाएगी। उनके माध्यम से ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण समिति की सहभागिता से रैली, समूह चर्चा, पारा बैठकें आयोजित कर दस्त रोगों के कारण, लक्षण, प्राथमिक उपचार, हाथ धोने की विधि सहित अन्य आवश्यक जानकारी पहुँचाई जाएगी। अभियान के दौरान स्कूलों में बच्चों को साबुन से हाथ धोने की सही विधि सिखाई जाएगी। समुदाय को व्यक्तिगत और वातावरणीय स्वच्छता के महत्व पर स्वास्थ्य शिक्षा दी जाएगी। हर सप्ताह मंगलवार व शुक्रवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस पर डायरिया व जलजनित रोगों के कारण, लक्षण, बचाव व उपचार से संबंधित जागरूकता के अलावा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाएगी। जिला नोडल अधिकारी डॉ विद्या श्रीधरन ने बताया कि जिले के 99 स्वास्थ्य केंद्रों और 647 आंगनबाड़ी केंद्रों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, आरएमए डॉ आकाश कन्नौजे, बीपीएम आकाश तंबोली, बीईटीओ प्रभारी डीएल सोनी, आरएचओ, सीएचओ, जनप्रतिनिधियो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि यह अभियान समुदाय में स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जलजनित रोगों की रोकथाम, डायरिया से होने वाले निर्जलीकरण के कारण शिशु मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, मामला सड़क चिरचारी का

# मासूम बच्चे की मौत की जांच करने 3 सदस्यीय टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सड़क चिरचारी में सूचना पटल गिरने से मासूम बच्चे की मौत के मामले की जांच कराने कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में पूर्व सरपंच द्वारा सेवा सहकारी समिति के बाउंड्रीवाल में ईंट से बनाए गए सूचना पटल के गिर जाने से उसमें दबे मासूम बालक युवांश पिता नरेन्द्र उम्र 5 वर्ष की मौत हो गई। परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के पूर्व सरंपच ने सूचना पटल के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया। जिसके चलते यह हादसा हो गया।

खबर लगते ही पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने परिजनों एवं गुस्साए ग्रामीणों के साथ नेशनल हाईवे मार्ग पर चक्काजाम कर पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं निर्माण कार्य में गड़बड़ी करने वाले और इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते धरने पर बैठ गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमलों में हड़कंप मच गया। तत्काल घटनास्थल पर एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार विजय कोठारी, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, बागनदी थाना प्रभारी विजय मिश्रा एवं पुलिस के आला अधिकारियों ने मोर्चा संभाल कर पीड़ति परिवार को उचित मुआवजा एवं जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। सोमवार को मृतक बालक के माता-पिता हैदराबाद से वापस लौटे। जिसके बाद गमगीन माहौल में बालक का दाह संस्कार किया गया।

इधर मासूम बच्चे की मौत की जांच कराने जिला कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन कर एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस जांच टीम में संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे, लोक निर्माण विभाग के ईई एसके चौरसिया, उपसंचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक को जिम्मा सौंपा गया है।




#### अब ईंट का नहीं बनेगा सूचना पटल

जनपद पंचायत छुरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में घटिया सामग्री से बनाए गए सूचना पटल के गिर जाने से मासूम बालक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद जनपद पंचायत में निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक बैठक लिया गया। जिसमें पंचायतों के निर्माण कार्यों में अब ईंट का सूचना पटल के स्थान पर लोहे का बोर्ड बनाने का निर्णय लिया गया है।

#### आर्थिक सहायता

निर्माण कार्य में ईंट से बने सूचना पटल के गिरने से मासूम बालक की मौत हो गई। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया, जहां एसडीएम ने पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता के तहत पचास हजार रुपए का अनुदान सौंपा है।

## शाला प्रवेश उत्सव, पंगत में बैठकर किया न्यौता भोज




- शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को पुस्तकें एवं गणवेश का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासकीय पूमाशा अमलीडीह कला में जिपं सदस्य दिनेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और सरस्वती वंदना साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच रूपेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विक्रम मानिकपुरी, उप सरपंच युवराज वर्मा, अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

बच्चों को गणवेश और पुस्तकें वितरित की। मुख्य अतिथि दिनेश वर्मा ने शाला स्टाफ की सराहना करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता व नवाचार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। विक्रम मानिकपुरी, सरपंच रूपेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें स्कूल के वातावरण में सहज महसूस कराना है। प्रपा रूपेश कुमार देवांगन ने कहा कि यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और समाज निर्माण की प्रयोगशाला भी है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा आत्मविश्वास से भरा हो और उसकी नींव मजबूत हो।

कार्यक्रम मे सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ पंगत मे बैठकर न्यौता भोजन किया जिसमें सौहार्द और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर चेतनराम वर्मा, लेतेलु वर्मा, उत्तम कुमार वर्मा, विजेंद्र वर्मा, संजय वर्मा, दिनेश निषाद, सोनम वर्मा, मीना बाई, पवन कुमारी, अविता बाइर्, गायत्री सेन, उषा वर्मा, योगेश्वरी शिवारे, शिक्षक तेज राम वर्मा और कृष्ण प्रसाद वर्मा सहित ग्रामवासी व बच्चे मौजूद थे।

## आज मनाया जाएगा बलिदान दिवस

**राजनांदगांव।** जिला आदिवासी गोंड



महासभा राजनांदगांव के तत्वावधान में विशाल सम्मेलन व रानी वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस गोड़वाना भवन रामकृष्ण राजनांदगांव में कल 24 जून को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन पर बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढ़े जिला आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगांव ने किया।

बैठक में उक्त कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव पारित हुआ। महिला प्रभाग, युवा प्रभागों को इस कार्यक्रम में विशेष रूप से भागीदारी होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं समाज प्रमखों का सम्मान किया जाएगा। कार्यों का विभाजन किया गया। अपने-अपने जिम्मेदारी निर्वहन करने संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने गोंड समाज के लोग लगे है। साथ ही तहसील का चुनाव भी होंगे, इस संबंध में चर्चा हुई। प्रवेक्षक घुमका क्षेत्र रामानंद उइके व डोंगरगांव क्षेत्र में श्याम साय को बनाया गया है। बैठक में रामानंद उइके, पंचूराम ठाकुर, संतोष ठाकुर, लीलाराम मंडावी, कन्हैया टेकाम, कृपाल उइके, बिसौवा ठाकुर, सुरेन्द्र मंडावी, बसंत मरकाम, जितेन्द्र पडौटी, प्रमिला मंडावी, नील कुमार, पूरन कोर्राम, रामचंद, जगदीश, सुमन, करण नेताम, नीलकमल, युवराज, संतप्रसाद, कंगलू, बुधेलाल, तिलोचन, सुरेन्द्र मंडावी आदि शामिल थे एवं संचालन रमेश मंडावी ने किया।

## आज मनाया जाएगा 60वीं पुण्य स्मृति दिवस

**राजनांदगांव।** ब्रह्माकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय



मुख्यालय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्य स्मृति दिवस ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के लालबाग स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र वरदान भवन में कल 24 जून को मनाई जाएगी। संध्या 7 बजे से विशेष कार्यक्रम है। मातेश्वरी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया था। संस्थान के देश-विदेश के भाई-बहने विश्व आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मना रहे हैं।

## अशोका में मनाया गया योग दिवस

**राजनांदगांव।** नगर के प्रतिष्ठित अशोका आईटीआई में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं अध्यापकगणों द्वारा संयुक्त योगाभ्यास किया गया।

ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी अशोका आईटीआई परिसर में प्रशिक्षित योग गुरुओं द्वारा उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसनो का अभ्यास कराया गया तथा उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।



उल्लेखनीय है कि योग भारत की एक प्राचीन विधा है, जिसे आमजन मानस अपने जीवन में आत्मसात कर सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः सूत्र को चरितार्थ कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनूठी पहल के कारण वैश्विक स्तर पर योग को मान्यता मिली है। आज पूरा विश्व निरोगी काया के लिए अनिवार्य प्राचीन भारत की इस अद्भुत विधा को अपना रहा है।

# देवरी में चला स्वच्छता अभियान जल स्रोतों की हुई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरी में जन सहयोग से श्रमदान करके विभिन्न जल स्त्रोतों की साफ सफाई का अभियान चलाया गया। सरपंच गंगोत्री वर्मा, सचिव नाजनीन नियाज़ी, उप सरपंच विनोद वर्मा, रोजगार सहायक रामसुख कंवर सहित पंचायत पदाधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा गॉव के अमृत सरोवर श्मशान घाट तालाब, बोरिंग और पानी टंकी के पास साफ सफाई कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जातरू टंडन, हरलाल केलकर, लेखू गेंड्रे, वीरेंद्र कंवर, महेश वर्मा, रूपदास वर्मा, करण केलकर, बाला यादव, कौशल्या वर्मा, जागेश्वरी वर्मा, ममता वर्मा, सकीना कंवर, राजेश बंजारे सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे




#### जिपं सीईओ पहुंचे धनगांव

ब्लाक के धनगॉव में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जल स्त्रोतों के स्वच्छता कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करने जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल व जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारा ने प्रधान पाठक के विशेष आग्रह पर ग्रामीणों टीम साथ शाला में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, अच्छी आदतों का विकास करने, व्यक्तिगत स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल स्त्रोतों के आसपास की स्वच्छता के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। नव प्रवेशी बच्चों को शाला गणवेश प्रदान कर चॉकलेट वितरण बाद बच्चों से कविता वाचन करवाया। जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल सहित अन्य अधिकारियों को अपने बीच पाकर बच्चे उत्साहित हुए। अधिकारियों ने शाला परिसर की स्वच्छता देखकर प्रसन्नता जाहिर कर स्टाफ को बधाई दी।

# कबीर के रहस्यवाद पर संगीत विवि में संगोष्ठी



- जीवन गाथा की जीवंत प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शैक्षिक प्रगतिशील मंच और संत कबीर विचार मंच द्वारा कबीर के व्यक्तित्व और दर्शन पर इंदिरा कला संगीत विवि सभागार में उनके विचार, लोकमान्यता, रहस्यवाद पर अकादमिक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन बाद एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि सदियों बाद भी कबीर के विचार आज भी जीवंत है। बोधिसत्व फाउंडेशन संजय वंदना जीवने नागपुर द्वारा कबीर बानी और जीवन पर नाट्य मंचन किया गया। डॉ. जयप्रकाश साव दुर्ग ने दक्षिण भारत की भक्ति परंपरा के बाद काशी में विद्वानों की संगत, शास्त्रार्थ, निचली जातियों के गुरुओं के उत्थान के बारे में विस्तार से बात की। संगीत विवि के प्रभारी कुलपति प्रो डॉ राजन यादव ने कबीर के गुरु गोरखनाथ और भारत मे नाद परंपरा को लेकर विस्तृत जानकारी दी। राजनांदगांव के बौद्ध भिक्खु धम्मतप ने कबीर के विचारों को गौतम बुद्ध के विचारों से जोड़ते हुए कहा कि कबीर के विचारों को ठीक तरीके से अंगीकार करने की आवश्यकता है। शाकिर कुरैशी रायपुर ने मुस्लिम संप्रदाय में कबीर की मान्यता बताई। पूरी तरह जनसहयोग पर आधारित इस संगोष्ठी में डॉ भोला साहू, डॉ पीडी वर्मा, गोपाल साहू, गोरेलाल वर्मा, संतु धरमगढ़े, इंजी महेंद्र कुमार, मानसमणि साहू, दुर्गेशनंदिनी श्रीवास्तव, बिंदु श्रीवास, रूपेंद्र मानिकपुरी, कृष्ण साहू, जितेंद्र धनकर, एवन साहू, जान्हवी जोशी, विक्की सिन्हा, किशन साहू आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम लोगो के साथ, संत-महंत के अलावा रायपुर, कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग, मोहला-मानपुर, डोंगरगढ़, धमधा के श्रोताओं के साथ ममता साहू धमतरी, जीवन यदु राही, डॉ प्रशांत झा, तीरथ चंदेल, अनुज देवांगन सहित शिक्षा और साहित्य जगत के सुधिजन, महिलाएं और युवा शामिल हुए।

#### वर्तमान परिवेश की आवश्यकता है कबीर

डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा ने कबीर को भारत का रत्न और आज की जरूरत बताया। बासादास साहेब कोरबा ने दामाखेड़ा मठ और सदगुरू कबीर को आध्यात्मिक श्रेष्ठ बताया। प्रो के मुरारी दास ने आयोजन को अत्यंत सफल बताते हुए इसमे ईसाई और सिक्ख पंथ प्रतिनिधि को भी शामिल करने का सुझाव दिया। संत विजय साहेब कबीर इरईकला ने पारख सिद्धांत और संत कबीर की बिना देवता के गहरे आध्यात्मिक प्रयोग के बारे में बताया। समापन सत्र में जिंप सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने हौसला अफजाई करते हुए ऐसे कार्यक्रम लगातार करने पर जोर दिया। समारोह संयोजन नीलेश यादव, संचालन विप्लव साहू और आभार हीरेन्द्र साहू ने किया।

### सिद्ध बाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का निरीक्षण

# सिंचाई विस्तार की दिशा में प्रशासनिक सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल में घभरा के पास निर्माणाधीन सिद्ध बाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया था। इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की दिशा में जिला प्रशासन ने तेज़ी से कदम बढ़ाया है। इसी क्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने झूरानदी डैम पहुंचकर जलाशय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, निर्माण की प्रगति और तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

#### 34 गांव में होगी सिंचाई

कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना लगभग 220 करोड़ की लागत से बन रही है, जिससे तीन जिलों के 34 गांवों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के पूर्ण होने से हजारों किसानों को सिंचाई के लिए निर्भर जल स्रोत प्राप्त होगा, जिससे कृषि उत्पादकता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।



#### मत्स्य पालन और रोजगार सृजन

जलाशय से प्रतिवर्ष 498 क्विंटल तक मत्स्य उत्पादन की संभावना जताई गई है, जिससे लगभग 200 ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रोजगार मिल सकेगा। यह पहल स्थानीय आर्थिक विकास को गति देगी। परियोजना से क्षेत्र के 23 लघु जलाशयों को जलापूर्ति होगी जिसमे छुईखदान के 13, साजा के 7 और धमधा के 3 जलाशय शामिल हैं। इससे भूजल स्तर में सुधार के साथ-साथ निस्तारी और पेयजल संकट से राहत मिलेगी।

#### तीन जिलों को मिलेगा लाभ

सिंचाई जलाशय से जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र के गभरा, कोटरीछापर, दोड़िया, विचारपुर, बुंदेली, मुरई, खैरी, सीताडबरी, कोटरा, साल्हेकला, बेमेतरा जिले के पठारझोरी, चिचानमेटा, जानो, रानो, गाड़ाडीह, सोनडबरी और दुर्ग जिले के अगारकला, अगारखुर्द, साल्हेखुर्द, नवागांव जैसे गांवों में सिंचाई सुविधा पहुंचेगी। परियोजना के डुबान क्षेत्र में लगभग 120 हेक्टेयर भूमि पर रबी व सब्जी की खेती संभव होगी, जिससे स्थानीय किसानों को वैकल्पिक फसल उत्पादन का अवसर मिलेगा।

# धरती आबा अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास और सरकारी योजनाओं के समग्र लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ ब्लाक के आदिवासी बाहुल्य ग्रापं गातापार जंगल से हुआ। अभियान की शुरुआत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने की और शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों को परिणामोन्मुखी कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मौके पर उपस्थित हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की और आश्वस्त किया कि कोई भी पात्र हितग्राही किसी भी योजना के लाभ से वंचित नही रहगो। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि धरती आबा अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय ग्रामों में जागरूकता बढ़ाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से शत-प्रतिशत सैचुरेशन हासिल करना है। इस अवसर पर जिपं सभापति अरुणा बनाफर, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, जिपं सीईओ प्रमे कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, सहायक आयुक्त आवि देवेंद्र सिंह पाटले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व ग्रमीण उपस्थित थे।

#### प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शुरू हुआ अभियान

इस अभियान की शुरुआत पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर की गई थी। इसका संचालन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 17 मंत्रालयों के अभिसरण मॉडल के तहत किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 25 प्रमुख योजनाओं को समन्वित रूप से एक साथ लागू किया जा रहा है, जिससे एक ही स्थान पर बहु-सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। अभियान के अंतर्गत आवास योजना, पक्की सड़क, समग्र शिक्षा योजना, जल जीवन मिशन, मोबाइल मेडिकल यूनिट, पीएम जन आरोग्य योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्युतिकरण, सोलर लाइट, एलपीजी कनेक्शन, पोषण वाटिका, कौशल विकास प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग, मछली पालन, पशुपालन, होम स्टे योजना, पीएम आदर्श ग्राम योजना, एफआरए क्रियान्वयन, आधार/ आयुष्मान/ जाति/ निवास प्रमाण पत्र, केसीसी जैसी योजनाओं के माध्यम से ऐसे हितग्राहियों को चिन्हांकित कर लाभांवित किया जा रहा है जो अब तक इससे वंचित रहे हैं।

## सार समाचार

### बी.कॉम तृतीय का परीक्षा परिणाम घोषित



**राजनांदगांव।** एलीगेंट कॉलेज में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा बी.कॉम तृतीय के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें 05 छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.कॉम तृतीय मार्च-अप्रैल 2024-25 के परिणाम अच्छे रहे। मार्च अप्रैल 2024-25 में आयोजित बी.कॉम तृतीय प्रियांशी अग्रवाल प्रथम, दीप्ती देवानी द्वितीय एवं त्रिशला कोठारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी.कॉम तृतीय में एलीगेट कॉलेज का शानदार परिणाम रहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन राजेश खंडेलवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता ने स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनांए दी। संचालको ने इस सफलता का श्रेय प्राचार्य अशोक जोशी के कुशल नेतृत्व एवं स्टाफ की कड़ी मेहनत को दिया। इस सफलता पर प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है।

### छात्रों को गणवेश, किताबें, लेखन सामग्री वितरित



**राजनांदगांव।** प्रदेश सहित राज्य के विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंड़री के शा.प्रा. शाला में भी शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु शामिल हुई। इस दौरान संकुल समन्वयक लच्छूराम साहू, प्राधान पाठक नेहा साहू, सहायक शिक्षक नकुल कमरिया, खिलेन्द्र हिरवानी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजूलाल साहू, सदस्यगण अनिल साहू, कामता ठाकुर, चंद्रभान यदु, सभी पंचगण एवं ग्रामवासी शामिल रहे। इस दौरान जागृति चुन्नी यदु ने नवप्रवेशी छात्रों को शाला गणवेश, किताबें एवं लेखन सामग्री वितरित किया।

### भोपाल में सम्मानित हुए डॉ. शंकर मुनि राय



**राजनांदगांव।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शंकर मुनि राय को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए भोपाल में मां सरस्वती पुत्र साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भोपाल से प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका ब्रह्मसत्य के 30वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिकोत्सव में दिया गया। भोपाल के शुभ इन होटल में आयोजित पत्रिका के संपादक अक्षय राय, मुख्य अतिथि न्यायाधीश उमेशचंद्र शर्मा चंडीगढ़, अध्यक्ष राय तपन भारती दिल्ली, विशिष्ट अतिथि पूर्व आईएएस, भोपाल अरुण कुमार भट्ट और स्थानीय पार्षद प्रियंका शर्मा ने उन्हें शाल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि वे इस पत्रिका में विगत दो दशकों से लागातार व्यंग्यालेख लिखते आ रहे हैं।

### कलेक्टर ने किया सम्मानित



**राजनांदगांव।** विश्व रक्तदाता दिवस पर मेडिकल कॉलेज पेंड्री के आडिटोरियम में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता संस्थाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर इकाई साहू समाज बजरंगपुर नवागांव को भी मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के करकमलों से समाज के अध्यक्ष डॉ. अनिल साहू एवं रक्तदान शिविर प्रभारी रूपचंद साहू को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

### आरगांव स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**राजनांदगांव।** शा.उ.मा.शाला आरगांव में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक वंदन, गुलदस्ता भेंटकर व मुंह मीठा कराकर उन्हें प्रवेश कराया गया। अतिथियो ने नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक, गणवेश वितरण किया और कक्षा नवमी के छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने शिक्षा और शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को निवेदन किया कि हम सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें और उसे बचाने हेतु संकल्प होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सरिता साहू, प्राचार्य भुआर्य, लिकेश गन्धर्व, गोपी साहू, सहसराम, गरीबा साहू, नेतराम साहू, तुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, गायत्री साहू, इंदु कुंभकार समेत अन्य लोग शामिल थे।

### एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में मना योग दिवस



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के सभी ब्रांचों द्वारा योग दिवस मनाया गया। योग दिवस का इस वर्ष का थीम है एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ कौशल प्रसाद और सहयोगी के रूप में नरेंद्र शर्मा रहे। योगासन की शुरूआत प्रार्थना से की गई। योग करने से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। उन्होंने विभिन्न प्रकार के योगासन कराए। जिनमें अनुलोम-विलोम, कपालभाती, भ्रामरी प्राणायाम, ताड़ासन, वज्रासन आदि के माध्यम से उपस्थित सभीजनों ने योग लाभ लिया। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा योग विशेषज्ञ कौशल प्रसाद व उनके सहयोगी नरेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सोनल बाजपेयी, एकता गांधी, नितिन चौहान, आरती पिल्लै, वैशाली सिंह, स्नेहलता तिवारी, मधुजा माहेश्वरी के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### कोटपा एक्ट के 49 प्रकरणों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** ग्रामों में स्कूल के समीप एवं अवैध रूप से बीड़ी, सिगरेट, गुटका, तंबाकू नशा के उत्पाद बेचने वाले गुमटी, ठेला एवं दुकान वालों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई किया गया। पुलिस के अनुसार 12 से 26 जून तक नशामुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम मनाए जाने के तारतम्य में 22 जून को थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में स्कूल के समीप एवं अवैध रूप से बीड़ी, सिगरेट, गुटका, तंबाकू नशा के उत्पाद बेचने वाले गुमटी, ठेला एवं दुकान वालों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के अंतर्गत कुल 49 प्रकरण में 9800 रुपए का चालान काटकर कार्रवाई किया गया।

#### नई पहल : पब्लिक की शिकायतें सुनने सभी थानों में लग रही चौपाल

# थाना दिवस में सुनी जा रही पब्लिक की शिकवा-शिकायतें, अफसर कर रहे संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस की विश्वसनीयता और जनता के लिए जवाबदेही बनाए रखने के लिए केसीसी पुलिस ने अनूठा प्रयास किया है। जनता की समस्याएं व शिकायतों को बेखौफ पुलिस के सामने रखने उस पर पुलिस अधिकारियों द्वारा तत्काल एक्शन लेने अब जिले के थानों में प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे गुरुवार को जनता का दरबार लगाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में शहरी व ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी समस्या व शिकायतें रख रहे हैं। इधर सभी थानों और चौकियों में शिकायत पेटी लगाकर भी शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं बेहतर संबंध बनाए रखने के लिए जिले के पुलिस कप्तान लक्ष्य शर्मा ने पदभार ग्रहण करते ही जहां अधिकारियों व पुलिस जवानों से रूबरू होकर प्रभावी, न्यायसंगत, जनहित में बेहतर पुलिसिंग के लिए उत्साहित किया। वहीं क्षेत्र की जनता को बेखौफ अपनी शिकायतें और समस्याओं को रखने के लिए अनूठा पहल किया है।




#### एसपी से लेकर आला अफसर रहते हैं मौजूद

थाना दिवस पर एसपी श्री शर्मा के साथ-साथ पुलिस के राजपत्रित अधिकारी के साथ ही थाना प्रभारी एवं स्टाफ मौके पर मौजूद रहते हैं। इस दौरान यहां पहुंचने वाले ग्रामीण व शहरी फरियादियों की ना सिर्फ समस्याएं व शिकायतें सुनी जाती है, बल्कि तत्काल उनकी समस्या और शिकायतों पर एक्शन लेकर जनता को राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### नशे के विरूद्ध अभियान तेज

जिले में आठ थाना व एक पुलिस चौकी है, जहां की नियमित रूप से मानिटरिंग राजपत्रित अधिकारियों द्वारा की जा रही है। पुलिस द्वारा एक युद्ध नशा के विरूद्ध अभियान के तहत अवैध शराब और मादक पदार्थ के अवैध बिक्री व तस्करी पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए प्रभावी रूप से कार्रवाई की जा रही है। जिससे जनता राहत महसूस कर रही है। वहीं अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वालों में हडकंप मचा हुआ है।

#### लोगों को कर रहे जागरूक

इधर ट्रैफिक समस्या को भी गंभीरता से लेकर हुए जहां लगातार लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को समझाईश देने के साथ ही कार्रवाई भी की जा रही है। साथ ही पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराध, महिलाओं से संबंधित अपराध के प्रति भी लोगों को जागरूक कर किसी प्रकार की शिकायतें होने पर पुलिस को जानकारी देने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

#### शिकायतों का तत्काल निराकरण

थानों में होने वाले इस आयोजन में संबंधित क्षेत्र के राजपत्रित अधिकारियों की अपेक्षा अन्य क्षेत्र के राजपत्रित अधिकारियों की डयूटी लगाई जाती है। जिससे बेहतर पुलिसिंग और पारदर्शिता बनी रही। यही वजह है कि अब कई ग्रामीण व शहरी को थाना दिवस का इंतजार रहता है और बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी शिकायतें व समस्याए लेकर पहुंच रहे हैं।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी से देशी महुआ शराब बरामद



**मोहला।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने के मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत पुलिस ने आरोपी से देशी महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। 22 जून को मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी बिसाहूराम धमगाये 48 साल साकिन तिरपेमेटा थाना चिल्हाटी को अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया है।

आरोपी के कब्जे से तीन अलग-अलग सफेद रंग के पॉलिथिन (झिल्ली) में बंधा हुआ देशी महुआ शराब प्रत्येक में 5-5 लीटर लगभग जुमला 15 लीटर तथा एक पॉलिथिन में बंधा हुआ लगभग 1 लीटर जुमला मात्रा 16 लीटर कीमती 3200 रुपए मिला, जिसे विधिवत पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## रथयात्रा का नांदगांव में स्वागत

**राजनांदगांव।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा की परम अनुकंपा से श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी (श्री सत्य साईं रथ) का सोमवार को राजनांदगांव नगर में मंगलमय प्रवेश हुआ। इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन पुराना गंज चौक से गुरुद्वारा चौक तक किया गया। जिसका आयोजन श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा किया गया।



शोभायात्रा में नगर के गणमान्य नागरिकों, भिलाई समिति के सदस्य, जिला अध्यक्ष व राज्य संगठन के पदाधिकारी गण, समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुजनों ने मार्ग पर पुष्पवर्षा कर स्वामी के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा प्रकट की। रथ पर विराजमान भगवान श्री सत्य साईं बाबा की पूजा-अर्चना बड़े भक्तिभाव से की गई। अंत में गुरुद्वारा चौक पर महामंगल आरती महापौर मधुसूदन यादव के कर कमलों द्वारा की गई। गुरुद्वारा के पास सिक्ख समाज के लोग भी शामिल हुए। इस आयोजन की सफलता में समिति के सदस्यों, नगर के नागरिकों एवं सहयोगियों का अमूल्य योगदान रहा।

## बाइक में महाराष्ट्र की शराब लाते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ आरोपी से 37 पौवा संतरी बरामद

बाइक में रखकर महाराष्ट्र की शराब को अवैध रूप से परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम मनाए जाने के तारतम्य 22-23 जून की दरमियानी रात पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मासूल-फाफामार की ओर महाराष्ट्र से एक व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल में अवैध रूप से शराब परिवहन करते आ रहा है।

#### झोले में रखा था शराब

सूचना पर थाना से पुलिस टीम रवाना किया गया। घटनास्थल मासूल रोड तालाब के पास ग्राम फाफामार में मुखबीर के बताए हुलिया का व्यक्ति उक्त मोटर साइकिल में आता हुआ मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही व्यक्ति को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक सफेद-पीले रंग के झोले में अवैध रूप से रखा हुआ शराब परिवहन करते मिला।

#### शराब सहित बाइक जब्त

संदेही व्यक्ति का नाम-पता पूछने पर अपना नाम पुरानिक मंडावी 19 वर्ष निवासी खुर्सीपार का बताया। मौके पर झोले को चेक करने पर 37 नग देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संतरा कीमती 2590 रुपए एवं आरोपी के कब्जे से एक नग मोटर साइकिल वाहन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 23 जून को माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया।

## समितियों में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता नहीं, किसान परेशान

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व उर्जा मंत्री धनेश पाटिला ने केंद्र सरकार सहित राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध नहीं करा पाना डबल इंजन सरकार की असफलता को दर्शाता है।

श्री पाटिला ने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए सोसायटियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जबकि सरकार को समय रहते खाद-बीज का भंडारण कर लेना चाहिए था, तब डबल इंजन की सरकार कुंभकर्णी निंद्रा में सोई रही। अब जब खेती-किसानी का कार्य सिर पर है, तब खाद-बीज का रोना लगा हुआ है। श्री पाटिला ने कहा कि सोसायटियों से डीएपी व यूरिया खाद किसानों को नहीं मिल पा रहा। किल्लत बनी हुई है, लेकिन बाजार में यही खाद कैसे उपलब्ध हो पा रहा है, जिसे किसानों द्वारा महंगे दामों में खरीदा जा रहा है। क्या इसके लिए रुस-यूक्रेन का युद्ध आड़े नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि सोसायटियों में धान व बीज दोनों महंगे दामों में मिल रहा है। किसानों को घटिया दर्जे का बीज दिए जाने से उक्त बीज खेतों में सही तरीके से उग नहीं पाते। इससे किसानों को फिर से बीज लेनी पड़ रही है। इससे उनका श्रम व पैसा दोनों फिजूल जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहरहाल सरकार किसानों व किसानी दोनों मामले में फेल नजर आ रही है।



पृष्ठ 09 का शेष

### पीएस स्टील और ओरिएंट....

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मेसर्स ओरिएंट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र ठीक चालू नहीं पाया गया। अपशिष्ट जल फैक्ट्री परिसर के बाहर छोड़ा गया तथा पास के क्षेत्र में स्थित तालाब के पानी में मिलकर जल प्रदूषण का कारण बना। इससे पता चलता है कि उद्योग द्वारा प्रदूषित पानी नहीं जाना चाहिए था एवं शून्य डिस्चार्ज की स्थिति को नहीं बना कर रखा गया। वहीं औद्योगिक परिसर के पीछे स्थित एक गड्ढे में बड़ी मात्रा में फैक्ट्री का अपशिष्ट संग्रहित पाया गया। जिससे आसपास के क्षेत्रों में जल प्रदूषण हो रहा था। हाउस कीपिंग की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

### सूने मकान में चोरी आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सूने मकान में प्रवेश कर चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से चोरी का सोने का चैन बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 21 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी को अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर पेटी को खोलकर पेटी में रखे सोने का चैन। जिसमें लाकेट लगा हुआ व नगदी रकम 25000 रुपए को चोरी कर ले गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

0 पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठित कर अज्ञात चोर व चोरी गए मशरूका व नगदी रकम की पतासाजी, गवाहों से पूछताछ बाद पड़ोसियों से पूछताछ किया गया। पड़ोसी संदीप श्रीवास गोल-मोल जवाब देने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी संदीप श्रीवास पिता दुर्गाप्रसाद श्रीवास 28 साल साकिन शंकरपुर द्वारा चोरी करना स्वीकार करने पर चोरी गए सोने की चैन को बरामद कराने पर जब्त किया गया।

## खुशहाली की ओर अग्रसर भारत: कोमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 18 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर मंडल द्वारा चिखली स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित संगोष्ठी में अपने उदगार व्यक्त करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नए दौर में कदम रखा है। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नए आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की, केन्द्र सरकार के राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।



#### किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण - चौधरी

भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को भी हर साल 10-10 हजार रुपए की राशि हमारी राज्य सरकार दे रही है। किसानों के खाते में अब तक एक लाख करोड़ रुपए की राशि प्रेषित कर चुके हैं। डेढ़ साल पहले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में मोदी ने महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक-एक हजार रुपए माताओं-बहनों को देने की गारंटी दी थी। हमने यह वादा तीसरे महीने ही पूरा कर दिया और करीब 70 लाख माताओं-बहनों को हर महीने यह राशि दे रहे हैं।

#### माओवादी आतंकवाद पर सख्त प्रहार - मधुसूदन

महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी और अमित शाह का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसव राजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है। संगोष्ठी को पूर्व मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का स्वागत प्रतिवेदन और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया ने दिया। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू, रूपचंद भीमनानी, रघुवीर सिंह वाधवा, विजय शर्मा, पारस वर्मा, सावन वर्मा, शिव वर्मा, कन्हैयालाल साहू, श्रुति जैन, तृप्ति पात्रे, अपूर्वा श्रीवास्तव, प्रियंका कुरनजेकर, रेखा पारख, मनोहर यादव, कमलेश बन्दे, प्रमोद झंझाड़े, दुरेंद्र साहू, सेवकराम उइके एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

#### स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल के लिए मिल रही राशि

# नौ हजार महिलाओं को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत जिले की हजारों महिलाएं लाभान्वित हो रही है। वर्ष 2024-25 में 7071 एवं वर्ष 2025-26 में अब तक 1324 महिलाएं शासन की इस योजना से गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को संबल मिला है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं मजदूरी की क्षति एवज में नकद राशि के रूप में आंशिक क्षतिपूर्ति प्रदान करना है। इसके तहत पात्र महिलाओं को पहले बच्चे के जन्म पर 2 किस्तों में 5 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। गर्भावस्था के पंजीयन पर एवं 6 महीने के भीतर एक बार प्रसव पूर्व जांच कराए जाने पर पहली किस्त के रूप में 3 हजार रुपए और दूसरी किस्त के रूप में 2 हजार रुपए बच्चे के जन्म के पंजीकरण तथा बीसीजी, पोलियो, डीटीपी एवं हिपेटाइसिस बी या इसके समानांतर प्रथम चक्र का टीका लगाए जाने के बाद प्रदान की जाती है। वहीं दूसरी संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6 हजार रुपए दिया जाता है।

#### योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
मातृ शक्ति, राष्ट्र शक्ति

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने हितग्राही का बैंक खाता आधार सिडिंग होना आवश्यक है। राशि का भुगतान डीबीटी मोड के माध्यम से लाभार्थी के खाते में किया जाता है। हितग्राही को आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकरण कराना आवश्यक है, फार्म के साथ स्वयं, पति, परिवार के सदस्य का मोबाइल नंबर, महिला हितग्राही के बैंक खाते का विवरण, जच्चा-बच्चा कार्ड, आधार कार्ड का विवरण जमा करना होगा। पात्रता के लिए एक आवश्यक दस्तावेज या राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि जमा करना होगा। साथ ही द्वितीय संतान बालिका का जन्म पंजीकरण एवं बालिका के प्रथम चक्र का संपूर्ण टीकाकरण आवश्यक है।



## खबर संक्षेप

### शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चो को योगाभ्यास कराया गया। प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा ने योग के नियम बताते हुए कहा कि अपने दिनचर्या में नियमित हिस्सा बनावे और स्वस्थ समाज का हिस्सा बने, करो योग रहो निरोग। वहीं सरपंच दुलेश निषाद ने योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उक्त अवसर पर सरपंच दुलेश निषाद संस्था के प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा, शिक्षक अजित यादव, बिंदू रूखमणी, सुनीता, धर्मराज, सुशीला, राधा, मालती, प्रभा, दुआसा, सरोज उषा, राधिका समीर के साथ-साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### हरमो स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरमो मे शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू जिला पंचायत सदस्य, गनीराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, अशोक धृतलहरे सरपंच, रजऊ राम साहू शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष की उपस्थिति में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक गुलाल लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रधान पाठक रामावतार गायकवाड़, शिक्षक टिकेश्वर साहू, श्रीमती मोनिका शर्मा, श्रीमती रजनी राजपूत व गांव के वरिष्ठ नागरिक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया




**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलो मीटर की दूर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर में सोमवार को फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल बरबसपुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नए शिक्षा सत्र 2025-26 में बच्चों का स्वागत किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला जेल अधीक्षक डीडी टोंडर ने सभी बच्चों का तिलक लगाकर आशीर्वाद प्रदान किए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचल के ग्राम पंचायत बरबसपुर में ही पढ़-लिखकर जेलर अधीक्षक बना हूँ। इसलिए नए सत्र में मन लगाकर नव-प्रवेशी बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया वहीं विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत बरबसपुर उपसरपंच श्रीमती प्रमिला मुंगेश कोसले, स्कूल संचालक श्रीमती सुनीता भट्ट, प्राचार्य राकेश भट्ट, उप प्राचार्य दीपक कुमार चतुर्वेदी, आशीष कुमार, सावेंद्र पोर्ते, पूर्णिमा कोसले, लता टंडन, काजल कोसरिया, रिया कुर्रे व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### कांपा में अंतर्राष्ट्रीय 11वां योग दिवस मनाया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत कांपा वार्ड क्रमांक 05 में जिला प्रभारी राजाराम साहू द्वारा ग्राम पंचायत में सैकड़ों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चों, नव-जवान युवाओं नें अंतर्राष्ट्रीय 11वां योग दिवस पर योग किया।

# 4 अगस्त को धर्म नगरी कवर्धा में निकलेगी बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

परमाराध्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज 1008 के आशीर्वाद से धर्म नगरी कवर्धा में विगत 03 वर्षो के अनुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार 04 अगस्त को उज्जैन के तर्ज पर हर हर शंकर, जय-जय शंकर सेवा समिति द्वारा बाबा महाकाल की पालकी भव्य शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी, जिसका समापन अंबेडकर चौक में भस्म आरती एवं शाही आरती, प्रसाद वितरण कर किया जाएगा।

इस हेतु प्रथम निमंत्रण के रूप में बूढ़ा महादेव, जानकी रमण प्रभु देवालय, विंध्यवासिनी मंदिर, मां महामाया मंदिर एवं खेड़ापति हनुमान मंदिर, राजराजेश्वरी काली माता मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में निमंत्रण दिया गया, यह आयोजन पूरा कवर्धा जिलावासियों के लिए सामूहिक आयोजन है।

## आयोजन मे पालकी यात्रा, धुमाल, भव्य झांकी, भजन कीर्तन रथ निकलेगा



मुख्य आयोजक उमंग पांडेय ने बताया कि आयोजन के तैयारी का शुभारंभ करते हुए प्रथम निमंत्रण मंदिर देवालय के पश्चात सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय, राष्ट्रकल्याण, गौ-रक्षा, धार्मिक प्रसार के संकल्पओं को लेकर निकलेगी यात्राअब समस्त सनातनियो तक हमारी टीम पहुंचेगी एवं ऐतिहासिक पालकी यात्रा का साक्षी बनने हेतु उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। मुख्य आयोजक सौरभ शर्मा ने कहा की श्री शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा भस्म आरती एवं महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। मुख्य पुजारी के रूप में विश्वप्रकाश उपाध्याय व दुर्गेश पाण्डेय का सहयोग होगा। साथ ही अन्य मंदिर समिति, समाज प्रमुख, आयोजनकर्ताओ का समूह, महिला समूह, सभी जाति वर्ग के लोग इस आयोजन मे सम्मिलित होते है, इस भव्य आयोजन में सैकड़ो युवाओं द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही है, आयोजन मे पालकी यात्रा, धुमाल, भव्य झांकी, भजन कीर्तन रथ निकलेगी जिसमे पाटेश्वर धाम से बालकदास महराज रहेंगे।

## हादसा: कुकदुर पुलिस ने बस की जब्त, आरोपी गिरफ्तारी की पता नहीं

# लखनऊ जा रही बस की चपेट में आए मोटर सायकल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

जिले से गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में सोमवार को एक बार फिर सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल सवार ग्रामीण की जान चली गई। बताया जाता है कि मोटर सायकल सवार युवक लखनऊ जा रही एक बस की चपेट में आ गया, जिसके चलते मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है। वहीं बस को भी जप्त कर लिया गया है। हालांकि आरोपी बस चालक की गिरफ्तारी के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत आगरपानी का रहने वाला युवक बिस्तूर बैगा आयु 25 वर्ष मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेक्यू 9260 से अपने गांव से पोलमी जा रहा था।

बताया जा रहा है कि इसी दौरान बजाग-पंडरिया राजकीय मार्ग में पोलमी पहाड़ के ऊपर स्थित गोराकोना नामक स्थान पर लखनऊ जा रही तेज रफ्तार पक्षीराज डबल डेकर बस क्रमांक एमपी 18 पी 6399 के अज्ञात चालक ने मोटर सायकल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटर सायकल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इसकी जानकारी कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं बस को भी जप्त कर लिया है। लेकिन आरोपी बस चालक की गिरफ्तारी के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

## बजाग-पंडरिया मार्ग बेहद संवेदनशील





*यहां बताना लाजिमी होगा कि बजाग-पंडरिया मार्ग सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। पहाड़ों तथा खतरनाक मोड़ों से होकर गुजरने वाले इस मार्ग में वाहन चालकों की जरा सी लापरवाही उनकी जान पर भारी पड़ जाती है। यही वजह है कि यहां आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं सामने आते ही रहती है। गौरतलब है कि बीते रविवार को भी इसी मार्ग में मोटर सायकल सवार दो ग्रामीण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। जिन्हें घटना के बाद एम्बुलेंस की मदद से कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था।*

# चंदनपुर के रहवासी मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत राम्हेपुर के आश्रित ग्राम चंडालपुर गांव का नाम बदलकर चंदनपुर रखा गया, लेकिन गांव की तस्वीर नहीं बदल रहा है। ग्राम चंदनपुर के ग्रामीण मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। बताया जाता है कि ग्राम चंदनपुर में अनेकों समस्याओं का अंबार है। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों की भारी अनियमितता का खामिजाया ग्राम रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चंदलपुर में प्रमुख तालाब का पानी मटमैला व पानी से बदबू उठने लगी है जिससे ग्रामवासियों को निस्तारी की समस्या हो रही है साथ ही तालाब में पचरी निर्माण कार्य के अभाव में पत्थर रखकर गुजर-बसर करने मजबूर हैं।

जिस पर ग्रामीणो ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा गांव की मुख्य गली-मोहल्ले में पक्की नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण कार्य के अभाव में गांव की गलियां कीचड़ से लथपथ होने से आवागमन बाधित व भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण ग्राम चंदनपुर के ग्रामीण मूलभूत सुविधा लाभ के लिए तरस व आस लगाए बैठे हुए है।

कि क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य की सौंगात दे ताकि ग्रामवासियो को राहत व सुविधा मिल सकें।

### आदर्श ग्राम चंदनपुर का हाल वर्षो से जस के तस

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आदर्श ग्राम चंड़ालपुर का नाम बदलकर चंदनपुर रखा गया है, लेकिन स्थित जस के तस है। वर्षो से विकास कार्य के अभाव में आदर्श ग्राम का हाल-बेहाल है। ग्रामीण रहवासियों द्वारा कार्य बार शिकवा-शिकायत कर क्षेत्र के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन जिम्मेदारों भी भारी अनदेखी का नतीजा गली-मोहल्ले व चौंक चौराहे कीचड़ मय है। वहीं ग्राम चंदनपुर में पेयजल, सीसी रोड, नाली और तालाब सौंदरीयकरण लाभ से वंचित है।

# बोर खनन में मोटर पंप डालकर तालाब में पानी भरने मांग की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव की मुख्य व सबसे बड़ी तालाब सूखने की कगार पर है, ग्रामीणों द्वारा लगातार तालाब में पानी भरने जिम्मेदारो व जनप्रतिनिधियों को शिकवा शिकायत व मांग कर हार-थक चुके है। बताया जाता है कि तालाब किनारे बोर खनन के बाद मोटर पंप नहीं लगाने के कारण तालाब का पानी मटमैला व गाढ़ापन होने से निस्तारी कार्य में बांधा उत्पन्न हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि को इस ओर ध्यान देने तथा तालाब में पानी भरवाने मोंटर पंप लगवाने की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों को निस्तारी लाभ मिल सके।

# द गीता गुरुकुल स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सहसपुर लोहारा

द गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल सहसपुर लोहारा बांधाटोला में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई । विद्यालय के डायरेक्टर डॉ भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, प्राचार्य श्रीमती निहारिका चंद्रवंशी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल शिक्षिका सुश्री खुशी राजपूत के मार्गदर्शन में बच्चों को योग करवाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर ने योगा से होने वाले लाभ एवं योग के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरुआत भारत देश की ओर से की गई थी, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत सबसे पहले वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। जब संयुक्त राष्ट्र की बैठक में प्रधानमंत्री ने योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, इसके बाद महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को इस प्रस्ताव को स्वीकार किया, जिसे संयुक्त राष्ट्र में शामिल सभी 193 देशों के सदस्यों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष 21 जून के दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने की घोषणा कर दी गई। वर्ष 2015 से हर साल पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएं जाने का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में योग के प्रति जागरूकता



बढ़ाना है, योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया और सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। द गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल बांधाटोला सहसपुर लोहारा के प्राचार्य ने बताया कि हमारे विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने योग के इस महापर्व में इतनी सक्रियता से भाग लिया। यह जनभागीदारी योग के प्रति बढ़ती रुचि और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। इस तरह का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहेगा।

## अभाविप के कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# जनभागीदारी शुल्क में वृद्धि व भ्रष्टाचार के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पंथ श्री गृंथ मुनि नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में जनभागीदारी शुल्क में की गई अनियमित वृद्धि तथा पूर्व में हुए भ्रष्टाचार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कवर्धा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी कर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिला संयोजक गजाधर वर्मा ने बताया कि विगत वर्ष कॉलेज में जनभागीदारी मद एवं शासन से प्राप्त अन्य फंड का दुरुपयोग करते हुए पूर्व प्राचार्य, बाबू और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष द्वारा भारी गबन किया गया था। विद्यार्थी परिषद ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था, लेकिन प्रशासन द्वारा केवल औपचारिक कार्यवाही कर मामले को शांत कर दिया गया। गबन की गई राशि की अब तक कोई रिकवरी नहीं की गई,



जिससे कॉलेज की जनभागीदारी गतिविधियां ठप पड़ी रहीं और वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम भी नहीं हो सके। उन्होने बताया कि अब वर्तमान प्राचार्य द्वारा गबन की भरपाई के लिए विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ डालते हुए जनभागीदारी शुल्क में वृद्धि की जा रही है, जो पूर्णतः अनुचित है। जिस पर एबीवीपी नें मांग करते हुए कॉलेज में जनभागीदारी शुल्क को तत्काल समाप्त किया जाए साथ ही साथ गबन के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए और गबन की गई राशि की पूर्णतः वसूली की जाए। विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों पर अमल नहीं किया गया तो आने वाले समय में उच्च शिक्षा विभाग का घेराव किया जाएगा और उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## जन-सेवा सुविधा केंद्र कुण्डा में मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**हरिभूमि कुण्डा।** सोमवार को भाजपा मण्डल कुण्डा ने जन-सेवा ही भावना सुविधा केंद्र विधायक कार्यालय कुण्डा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, कार्यक्रम के मण्डल संयोजक विकास पाण्डेय, सह-संयोजक संतोष चंद्रवंशी एवं कृष्णा चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम कुण्डा स्थित जन-सेवा सुविधा केंद्र में मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति, सदस्य किसान मोर्चा एवं बेमेतरा जिला प्रभारी दिनेश मिश्रा के उपस्थिति में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र में पुष्पहार एवं विधिवत पूजा अर्चना किया गया। दिनेश मिश्रा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा स्व. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 में कलकत्ता में हुआ था उसके पिता आशुतोष मुखर्जी थे, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद और न्यायविद थे बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कोलकाता में विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की और बाद में इंग्लैंड में बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की। उन्होने कहा स्व. मुखर्जी 1934 में वे 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने जो उस समय का एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वहीं अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर वक्ता और प्रभावशाली नेता थे, उन्होंने शिक्षा राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया वे एक राष्ट्रवादी नेता के रूप में जाने जाते है और आज भी उनकी देशभक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए उन्हें याद किया जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री मनहरण साहू ने किया एवं आभार व्यक्त महामंत्री सुमन गुप्ता ने किया। उक्त कार्यक्रम आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### विरोध प्रदर्शनः आज बंद रहेंगी राशन दुकाने

**कवर्धा।** शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में 24 जून 2025 को दुकान बंद कर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय कुमार धृतलहरे ने बताया कि विभाग द्वारा जटिल वितरण प्रक्रिया और कम मेहनताना के कारण दुकान संचालकों पर लगातार जानलेवा हमला हो रहा है, जिससे दुकानदार डरे हुए हैं और जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं। उन्होने बताया कि संघ ने मुख्य रूप से दुकानदारों को कम से कम केंद्र के बराबर 90 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन सभी योजना में दिए जाने, राशन वितरण भंडारण में राशन की क्षति होती है, इसलिए दुकान में शार्टेज होता है, जिसे देखते हुए 1 प्रतिशत क्षतिपूर्ति दिए जाने, वर्तमान में तीन माह के राशन वितरण की ऑफलाइन वितरण की प्रावधान व्यवस्था ठीक किए जाने की मांग की है।

### चार परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत कवर्धा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम कवर्धा निवासी नीरा कौशिक की आग में जलने से हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति अशोक कौशिक को, ग्राम बाघूटोला निवासी संजय ध्रुर्वे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनकी पत्नी श्रीमती ममता धुर्वे को, बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम कवर्धा निवासी तारण की लालपुर स्टापडेम में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता रतन जायसवाल को, ग्राम कुकरी निवासी उमेश कुमार की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता विक्रम लाल को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### चयन सूची के लिए काउंसलिंग आयोजित

**कवर्धा।** राजीव युवा उत्थान योजना 2019 अंतर्गत वर्ष 2024-25 की द्वितीय सत्र के लिए एस.एस.सी., बैंकिंग, रेलवे एवं व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले में संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 100 अभ्यर्थियों का चयन निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाना है। इसके लिए 17 जून 2025 तक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत चयन प्रक्रिया के अगले चरण के रूप में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है, जो दिनांक 29 जून 2025 को प्रातः 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक स्वामी करपात्री जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिला मुख्यालय कवर्धा में आयोजित की जाएगी। समस्त पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त मूल दस्तावेजों एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतियों सहित उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित अथवा अधूरे दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

**कार्रवाई :** आरोपियों के पास चांदी की खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज नहीं

# 39 किलो अवैध चांदी की खेप के साथ दो हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

अवैध गतिविधियों के संचालन के साथ तस्करी के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले जिले के अंतिम छोर में स्थित चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 जबलपुर- रायपुर मार्ग में चिल्फी पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हांसिल करते हुए अवैध ढंग से चांदी की तस्करी करते हुए दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने इन लोगों के पास से कुल 39 किलो ग्राम चांदी बरामद की है जिसका बाजार मूल्य करीब 40 लाख रूपए आंका गया है। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के अंतिम छोर में स्थित चिल्फी थाना पुलिस सोमवार को थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में वाहनो की नियमित जांच कर रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान मध्यप्रदेश की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 07 सीके 4050 में सवार लोगों की गतिविधियां पुलिस को संदिग्ध लगी और उसने शंका के आधार पर कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को कार में 39 किलो ग्राम चांदी मिली। जिसके संबंध में कार सवारों से पूछताछ करने पर न तो वे चांदी की खरीदी-बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर पाए और न ही कोई संतोष जवाब ही कार सवारों ने दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 39 किलो ग्राम चांदी जप्त कर ली। जिसका बाजार मूल्य करीब 40 लाख रूपए आंका गया है। बहरहाल पुलिस आरोपियों से चांदी के संबंध में जानकारी जुटा रहे हैं।

### आगरा से रायपुर लाई जा रही थी



गिरफ्त में आए धीरज ठाकुर, पिता ओंकार ठाकुर, उम्र 25 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती, रायपुर, हेम प्रकाश साहू, पिता दुकल्हा राम साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी अमित नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, अंकित जैन, पिता जीवन लाल जैन, उम्र 32 वर्ष, निवासी लोहार चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर तथा भूरी सिंह, पिता प्रभु दयाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी पंचवटी, हाथरस बिसावर, उत्तर प्रदेश ने पूछताछ के दौरान इस बात की जानकारी दी की वे चांदी की खेप मध्यप्रदेश के आगरा से ग्वालियर होते हुए रायपुर ले जा रहे थे। पुलिस अब इनके अंतरराज्यीय संबंधों की भी गंभीरता से समीक्षा कर रही है।

# लापता नाबालिग बालिका कर्नाटक से बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने थाना पिपरिया क्षेत्र से लापता नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद करने में सफलता हांसिल की है साथ ही इस मामले में पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा गत 3 मार्च 2025 को पिपरिया थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, उसकी नाबालिग बेटी को एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में निरीक्षक अमित कश्यप के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी सहयोग के लिए सायबर सेल को भी शामिल किया गया। साइबर ट्रेसिंग के आधार पर आरोपी की लोकेशन कर्नाटक के रामनगर जिले के ग्राम कुबांला गोडू में पाई गई, जहां से आरोपी समीर खरे आयु 20 वर्ष, निवासी पिपरिया वार्ड क्रमांक 09 को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस ने पीड़िता के बयान में सामने आया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसका अपहरण किया और उसे शारीरिक शोषण का शिकार बनाया। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 22 जून को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस सफलता में थाना पिपरिया की टीम, विशेषकर निरीक्षक अमित कश्यप, सायबर सेल और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम के समर्पित प्रयासों से न केवल एक नाबालिग की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हुई, बल्कि आरोपी को भी कानून के शिकंजे में लाया गया।

# शिक्षा के व्यापारीकरण के विरोध में एनएसयूआई का हल्ला बोल

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन



- चार दिन का अल्टीमेटम कार्रवाई नहीं तो उग्र आंदोलन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में धड़ल्ले से चल रहे शिक्षा के व्यापारीकरण के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सोमवार को एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष शीतेष चन्द्रवंशी की अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। बाद में एनएसयुआसई ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शीतेष चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में संचालित सभी अशासकीय विद्यालयों में छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020 के प्रावधानो को पालन करते हुए फीस की बढ़ोतरी किया जाना था, लेकिन विधेयक 2020 को नहीं मानते हुए निजी स्कूल संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से 15 से 20 प्रतिशत तक की फीस बढ़ोतरी की जा रही है। जिस पर शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यवाही शून्य है। उन्होने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र क्रमांक/191/आयोग/2024 दिनांक 03.06.2024 के प्रावधानों के मुताबिक सभी अशासकीय विद्यालयों द्वारा 4 वाई 8 फीट के बोर्ड सहित अपने वेब साईटो में फीस बढ़ोतरी की जानकारी सार्वजानिक किया जाना अनिवार्य है लेकिन इसका भी घोर उलंघन किया जा रहा है।

उन्होने फीस बढ़ोतरी की जानकारी नही देने वाले स्कूलों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। वहीं युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केसरवानी ने बताया कि कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के पत्र क मां क / आ र टी आ ई / पा . क्र/2025/896 दिनांक 27.02.2025 का पालन करते हुए संबंधित स्कूलों पर दंडात्मक कार्यवाही किया जाए।

उन्होने कहा कि कई निजी स्कूल संचालकों द्वारा शासन के दिशा निर्देशों के विपरीत पृथक से पाठ्यपुस्तक एवं स्टेशनरी, स्कूल ड्रेस एक ही दुकान से लिए जाने के लिए पालकों को बाध्य किया जाता है, साथ ही विद्यालयों द्वारा स्वयं की पाठ्यपुस्तक तथा शाला गणवेश की दुकान एवं गोदाम बनाकर शिक्षा का व्यापारीकरण किया जा रहा जिस पर त्वरित कार्यवाही किया जाए। इसके अलावा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के समय सीटों की हेराफेरी करने संबंधित मामलों पर तत्काल कार्यवाही किया जाए।

श्री केशरवानी ने आरोप लगाया कि शिक्षा सत्र के दौरान निजी स्कूल संचालकों द्वारा पालकों से जबरदस्ती विभिन्न आयोजनों के नाम पर अलग-अलग दिवस पर अलग-अलग ड्रेस कोड लागू कर आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है। इन सभी स्कूलों में एक ही ड्रेस का फॉर्मूला लागू करवाया जाए व जिले में संचालित बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों पर तत्काल कार्यवाही किया जाए। उन्होने कहा कि इन सभी मांगों पर चार दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में एनएसयूआई आगे उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह, एनएसयूआई प्रदेश सचिव आनंद चन्द्रवंशी, युवा कांग्रेस महासचिव राहुल सिन्हा, अरविन्द चन्द्रवंशी, एनएसयूआई पंडरिया विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत चंद्रवंशी, विवेक जायसवाल, भुनेश्वर पटेल, शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, शहर अध्यक्ष एनएसयूआई कवर्धा मेहुल सत्यवंशी, जिला महासचिव एनएसयूआई अमन वर्मा, पिंकी बंजारे सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

# ग्राम ढोलबज्जा में नेटवर्क की समस्या, ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा ऑनलाइन राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश सरकार द्वारा अपनी जनकल्याणकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए इन दिनो राशन कार्डधारियों को तीन माह का एक मुस्त राशन वितरण किया जा रहा है। लेकिन जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम ढोलबज्जा के ग्रामीण को शासन इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और वे इससे वंचित नजर आ रहे हैं। ग्राम ढोलबज्जा के ग्रामीणों ने सोमवार को अपनी इसी समस्या को लेकर बड़ी संख्या में जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचकर कलेक्टर तथा जिला खाद्य अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम ढोलबज्जा में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को ऑफलाईन करने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम ढोलबज्जा के सरपंच नवल सिंह नेताम व ग्रामीण मुन्नाराम, बुधसिंह, अमरदास, अघनुराम, धनसाय मरकाम, रामलाल धुर्वे ने बताया कि ग्राम ढोलबज्जा में कुल 521 राशन कार्डधारी है जिन्हें राशन दुकान संचालक द्वारा मशीन में फिंगर प्रिंट के आधार पर ऑनलाईन राशन वितरण किया जाता है। लेकिन समस्या ये है कि वनांचल ग्राम ढोलबज्जा में नेटवर्क नहीं होने के कारण कई-कई बार के प्रयासों के बाद भी फिंगर प्रिंट का मिलान नहीं हो पाता जिसके कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली बाधित हो रही है और हितग्राहियों को राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक गांव के किसी भी हितग्राही को शासन की एक मुस्त राशन वितरण के तहत राशन नहीं मिल पाया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अब कलेक्टर तथा जिला खाद्य अधिकारी से ग्राम ढोलबज्जा में ऑफलाईन राशन वितरण कराए जाने की मांग की है ताकि हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण हो सके।



# आरटीई अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया के लिए समय-सारणी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया के लिए द्वितीय चरण की समय-सारणी जारी कर दी गई है।

प्रदेश के निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इस प्रक्रिया के पूर्व, नोडल प्राचार्यों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमें क्षेत्र निर्धारण, मान्यता की स्थिति, आरक्षित सीटों की गणना, आवेदन की समीक्षा, प्रचार-प्रसार, लॉटरी, सीट आबंटन एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाईडी साहू ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए द्वितीय चरण की समय-सारणी जारी की गई है।

नवीन स्कूल पंजीयन, दर्ज संख्या प्रविष्टि एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन व सीटो का वास्तविक प्रकटीकरण 18 जून 2025 से 30 जून 2025 तक, छात्र पंजीयन, आवेदन 01 जुलाई 2025 से 12 जुलाई 2025 तक, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजो की जॉच एवं आवेदक को त्रृटि सुधार हेतु अवगत कराना 02 जुलाई 2025 से 19 जुलाई 2025 तक, लॉटरी एवं आबंटन 22 जुलाई 2025 से 23 जुलाई 2025 तक, स्कूल दाखिला प्रक्रिया, 25 जुलाईं 2025 से 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित है।

## जिला न्यायालय में योग शिविर आयोजित



**कवर्धा।** विश्व योग दिवस के अवसर पर तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी किये गए प्लान आफ एक्शन में वर्णित विशेष दिवस में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देशानुसार जिला न्यायालय कबीरधाम स्थित एडीआर भवन में प्रातःकालीन योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायपालिका के समस्त न्यायाधीशगणों के द्वारा योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में कर्मचारियों सहित योग दिवस के अवसर पर जारी किए गए योग प्रोटोकॉल के तहत योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा इस दौरान योगासन के महत्व एवं वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता के महत्व से समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 2025 की थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ योग के अनुरूप योगासन के महत्व पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा समस्त उपस्थित प्रतिभागियों को योग के लिए प्रोत्साहित किया गया। योग दिवस पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में तालुका विधिक सेवा समिति, पंडरिया एवं लीगल एड क्लीनिक जिला जेल, कबीरधाम में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए गए जिसमें अधिक से अधिक प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता प्रदान की गयी।

**आयोजकों द्वारा की जा रही है रथ यात्रा की जोरदार तैयारियां, रूट किया गया तय**

# कवर्धा में 27 को निकाली जाएगी भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सनातन धर्म की महान परंपरा और श्रद्धा का प्रतीक, महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा इस वर्ष 27 जून 2025 को धर्म नगरी कवर्धा में बड़े ही धार्मिक उत्साह, धूमधाम और भक्ति भाव के साथ निकाली जाएगी। यह यात्रा स्थानीय महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर, कवर्धा से पूजन-अर्चन के पश्चात प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान के विराजमान होने तक संपन्न होगी। इस रथयात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे, जिससे श्रद्धालु साक्षात दर्शन कर सकें। रथ यात्रा आयोजक समिति ने बताया कि यह यात्रा स्थानीय जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर करपात्री पार्क चौक, माँ शीतला मंदिर, महावीर स्वामी चौक, श्री गुरुनानक गेट, रमन मेडिकल, सिग्नल चौक, अंबेडकर चौक, राजमहल चौक से होते हुए मुकुंद माधव कश्यप के निवास में पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को निकाली जाने वाली रथयात्रा का अत्यधिक धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि जो भी भक्त इस रथयात्रा में भाग लेता है, उसे सौ यज्ञों के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है। यह पर्व ईश्वर और भक्त के बीच की दूरी को मिटाता है और सेवा, समर्पण तथा लोक एकता का संदेश देता है। इस पूरे आयोजन की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मंदिर समिति के विकाश केशरी ने बताया कि यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। समिति के सक्रिय सदस्य मुकुंद माधव कश्यप, सुधीर केशरवानी, नीरज श्रीवास्तव, जितेंद्र नामदेव, नारायण गुप्ता, अनिमेष गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव, जीतू वैष्णव, नरेंद्र चंद्रवंशी, पवन धुर्वे, जितेंद्र तिवारी, दीपक ठाकुर, विकास तिवारी, निमेश चंद्रवंशी, लेखा चंद्रवंशी, शुभम शर्मा, आकाश यदु, हेमंत ठाकुर, रुपेश चंद्रवंशी, अभिषेक आमदे, और विकाश केशरी सभी सदस्य तन-मन से जुटे हैं। आयोजन समिति ने नगरवासियों से आग्रह किया हैं कि वे 27 जून को अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा में भाग लें और भक्ति, सेवा व सांस्कृतिक गौरव के इस पर्व को और भी भव्य बनाएं।



# केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर में अध्ययनरत पुलिस परिवार के बच्चों के लिए निःशुल्क बस सुविधा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सोमवार 23 जून को केन्द्रीय विद्यालय में अध्ययनरत पुलिस परिवार के बच्चों के लिए निःशुल्क बस सुविधा का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस सुविधा पुलिस परिवार के बच्चों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की गई है, जो निर्धारित मार्ग पुराना पुलिस लाइन, महामाया मंदिर, सिग्नल चौक, लोहारा नाका, केन्द्रीय विद्यालय तक प्रतिदिन संचालित की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा बच्चों से संवाद किया गया, उनके अनुभव व भावनाएं जानने का प्रयास किया गया। बच्चों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें अब विद्यालय आने-जाने में सुविधा और सुरक्षा दोनों का अनुभव होगा।



बच्चों के पालकों ने भी इस सराहनीय पहल के लिए कबीरधाम पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग द्वारा लगातार परिवारों की चिंता करना एक अत्यंत प्रशंसनीय कदम है। पालकों ने कहा कि यह सुविधा उनके बच्चों की नियमितता, सुरक्षा और समय की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं बच्चों के पालकगण भी उपस्थित थे।